हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 9 मई 2024

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

12 रेडक्रॉस का उद्देश्य विश्व में आपसी समझ, दोस्ती...



12 वैशाख अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान



## खबर संक्षेप

### महिला से 52 हजार रुपये की नकदी छीनी

**जींद।** नरवाना बैंक में बेटी के साथ किश्त जमा करने जा रही महिला से बाइक सवार नकाबपोश दो युवकों ने 52 हजार की नगदी वाला थैला छीन लिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपित नगदी के साथ फरार हो गए। शहर थाना नरवाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ छीना झपटी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चीका: भाजपा की विजय संकल्प रैली स्थगित

**गुहला चीका।** कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिन्दल के समर्थन में 9 मई को चीका में होने वाली विजय संकल्प रैली किसी कारणवश स्थगित हो गई है। उक्त जानकारी रैली के संयोजक रवि तारांवाली ने आज यहां बताया कि आने वाले दिनों में रैली की नई तारीख घोषित की जाएगी।

### युवक को बेरहमी से पीटा, 6 पर मुकदमा

**जींद।** गांव रामराये में रंजिश के चलते व्यक्ति को बहला फुसला एकांत में ले जा बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर छह लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामराये निवासी अशीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही गुलाब से रंजिश चली आ रही है।

### सहपत्नी मृत्यु परांत संपूर्ण देह दान का भरा संकल्प पत्र

**कैथल।** अग्रणी समाज सेवी संस्था सेवा संघ द्वारा संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों में शामिल सेवा संघ देह दान योजना के तहत समाज सेवी सतीश सेठ ने धर्म पत्नी किरण लता संग मृत्युपरांत देहदान का संकल्प पत्र भरा। पत्र संस्थापक और प्रधान डॉ. शिव शंकर पाहवा, महासचिव अशोक भारती, सेवा संघ देह दान योजना के संयोजक नरेश कालरा और अमित सेठ की मौजूदगी में भरा।

### ससुराल से लौटी युवती मायके से लापता, केस

**जींद।** शादी के पखवाड़े बाद मायके लौटी युवती संदिग्ध हालात में नकदी तथा जेवर के साथ गायब हो गई। शहर थाना सफीदों पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी की शादी गत 20 अप्रैल को रोहतक निवासी एक युवक के साथ हुई थी।

### खेत में आग लगाने पर अज्ञात के खिलाफ केस

**कैथल।** गांव बाउपुर में अज्ञात आरोपी ने एक किसान के खेत में आग लगा दी। इससे खेत में खड़े पेड़ चारा व अन्य सामान जल गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी सुखविंद्र सिंह ने चीका थाना में शिकायत दी कि चार मई को अज्ञात आरोपी ने उसके खेत में आग लगा दी।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गतौली के बस स्टैंड से चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गतौली के पास एक युवक चोरी की बाइक के साथ घुम रहा है और मोटरसाइकिल के नंबर भी बदल दिए हैं। पुलिस ने सूचना के आधार पर नाकेबंदी की तो बाइक सवार युवक को काबू किया।

### धमकी देने का आरोप दंपती के खिलाफ केस

**कैथल।** मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दंपती के खिलाफ केस दर्ज किया है। चीका निवासी रामलाल ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी जमीन चीका स्थित स्कूल के पीछे है। कई बार स्कूल गेट खुला होने से स्कूल के अंदर से आकर बेसहारा पशु उसके खेत में घुस जाते हैं।

---

### बहन के पास घोघड़िया में रह रहा था पंजाब का तेजपाल

# छेड़छाड़ से खफा परिजनों ने व्यक्ति को उतारा मौत के घाट

## मृतक के जीजा की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

### पहले बेरहमी से पीटा, फिर गले में पगड़ी बांध घसीटते हुए खेत में ले गए आरोपित

हरिभूमि न्यूज. जींद

गांव घोघडिया में छेड़छाड़ से खफा महिला के परिजनों ने बीती रात रिश्तेदारी में यहा आए व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी और शव को खेत की नाली मे डाल दिया। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के जीजा की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ हत्या, शव को खुर्दबुर्द करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव भामरसीजर जिला फतेहगढ़ साहिब पंजाब निवासी तेजपाल (38) अपनी रिश्ते की बहन के पास गांव घोघड़िया में पिछले दो माह से रह रहा था। बुधवार को तेजपाल का शव गांव के इंद्र सिंह के खेत में पेड़ के नीचे रक्त रंजित नाली में पडा देखा गया। तेजपाल के गले में पगड़ी का कुछ हिस्सा बंधा हुआ था। जबकि कुछ हिस्सा पेड़ से बंधा हुआ था। शरीर पर घसीटने तथा चोट के निशान थे। जिससे साफ जाहिर था कि तेजपाल के साथ मारपीट करने के बाद उसके गले में पगड़ी बांध कर घसीटा गया था। शव को खुर्दबुर्द करने के लिए शव को खेत में नाली में डाला गया था। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा ले शव का पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया।



#### महिला से की थी अश्लील हरकत

मृतक के जीजा गांव घोघड़िया निवासी गीन्नू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसके साले तेजपाल की सुभाष की पत्नी से अश्लील हरकत करने को लेकर झगड़ा हुआ था। देर रात को सुभाष तथा सन्नी ने तेजपाल के साथ पहले मारपीट की। फिर उसके गले में पगड़ी बांध कर घसीटते हुए खेत में ले गए। तेजपाल की हत्या करने के बाद शव का नाली में डाल कर फरार हो गए। उचाना थाना पुलिस ने गीन्नू की शिकायत पर सुभाष तथ सन्नी के खिलाफ हत्या करने, शव को खुर्दबुर्द करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना थाना के जांच अधिकारी रविंद्र ने बताया कि मृतक के जीजा ने दो लोगों पर आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। महिला से अश्लील हरकत से मामले के तार जुडे हैं। फिलहाल दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

#### कस्सी मारकर पत्नी की हत्या का आरोपित दबोचा

**कैथल।** गर्दन पर कस्सी से वार कर पत्नी की हत्या के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एसआई विजेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी मानस रोड़ कैथल निवासी लखा राम को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मानस रोड कैथल निवासी अमन की शिकायत अनुसार वह शहर में एक हेयर ड्रेसर की दुकान पर काम करता है। वे तीन भाई और दो बहनें है। शनिवार को वह अपनी दुकान से रोज की तरह घर खाना खाने के लिए दोपहर करीब दो बजे आया था। उस समय उसके पिता लक्खा राम और मां रानी के बीच झगड़ा हो रहा था।

---

# रोडवेज बस से टकराई कार, दो घायल

■ कार का अगला हिस्सा बुरी तरह हुआ क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों-जींद सड़क मार्ग पर स्थित गांव जयपुर बस स्टैंड के समीप एक रोडवेज बस व कार की टक्कर हो गई। टक्कर में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में कार में सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हे नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। मिली



जानकारी के अनुसार रोडवेज की बस सफीदों से जींद की तरफ जा रही थी। जैसे ही बस जयपुर बस स्टैंड के पास पहुंची तो बस ने बस स्टैंड से कुछ आगे ब्रेक लगाए तो पीछे से आ रही एक कार ने उसके पीछे टक्कर दे मारी। इस घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दो लोग घायल हो गए। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के काफी लोग मौके पर पहुंच गए और कार सवार घायलों को सफीदों के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। वहीं बस में सवार किसी सवारी को कोई चोट नहीं आई है। बस में सवार सवारियों को दूसरी बस के माध्यम से उनके गंतव्य की ओर रवाना किया। बस के ड्राईवर संदीप का कहना था कि बस जैसे ही जयपुर बस स्टैंड पर पहुंची तो सवारियों ने यहां पर उतरने के लिए कहा। जिस पर उन्होंने बस को यहां पर रोका तो पीछे से आ रही एक कार ने बस के पीछे ठोक दिया।

## लाइसेंस धारक दो दिनों के अंदर जमा करवाएं हथियार : उपायुक्त

■ आदेशों की पालना नहीं करवाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को लेकर 25 मई को मतदान व 4 जून को मतगणना होगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा मानवीय जीवन व सभी प्रकार की संपत्तियों को नुकसान से बचाने के दृष्टिगत लाइसेंस धारक दो दिन के अंदर-अंदर अपना हथियार संबंधित थाना पर जमा करवाना सुनिश्चित करें। आदेशों की अनुपालना न करने वाले व्यक्तियों पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीसी एवं जिलाधीश प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव से जिला में आपराधिक अधिनियम 1973 के तहत धारा 144 लागू है। आदेशों के तहत किसी भी व्यक्ति के अग्निशस्त्र व किसी भी प्रकार के गोला बारूद जैसे अन्य घातक हथियारों को लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। जिन व्यक्तियों के पास लाइसेंस शुदा हथियार है और अभी तक हथियार जमा नहीं करवाया है, वे दो दिन के अंदर-अंदर हथियार संबंधित पुलिस थाना पर हथियार जमा करवाएं।

### धोखाधड़ी कर 95 हजार रुपये की नकदी हड़पी

**जींद।** धोखाधड़ी कर हजारों कनाडा के डॉलर तथा 95 हजार रुपये हडपने तथा धमकी देने पर सिविल लाइन थाना पुलिस कनाडा में रह रहे चिकित्सक की पत्नी की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोहाना रोड निवासी सुमन अहलावत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति डा. गजेद्र अहलावत के पास कनेडा की नागरिकता है। वह भी अपने पति के पास आती जाती रहती है। वर्ष 2020 में करोना काल के दौरान उसके पति के पास एक जानकार ने फोन किया कि रोहतक रोड निवासी अक्षय स्टडी वीजा पर कनाडा आया हुआ है। उसका कार्य दिलाने तथा रहने का प्रबंध करने के लिए कहा। जिसके साथ अक्षय की माता सरिता तथा पिता नरेश का उनके घर आना जाना हो गया।

---

# दो माह से ग्रामीण चौकीदारों को वेतन नहीं

## सरकार की अनदेखी पर चौकीदारों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की बैठक जयकरण की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सीटू जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ग्रामीण चौकिदारों के बारे में कहते थे कि ग्रामीण चौकीदार हरियाणा प्रदेश की आंख, कान व नाक हैं जो गांव की हर प्रकार की सूचना सरकार के पास पहुंचाने का काम करते हैं लेकिन सरकार में इनकी तरफ कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। प्रदेश सरकार की घोषणा के बाद भी कई महीने बीत जाने के बाद आजतक भी चौकीदारों के मेप और पीएफ कार्ड जारी नहीं किए गए हैं न ही समय पर मानदेय मिलता है। पिछले दो महीने से मानदेय नही मिला है। अपनी अनदेखी के कारण ग्रामीण चौकीदारों में भारी रोष है। इसी रोष को दर्शाने के लिए हरियाणा के ग्रामीण चोकीदार लोकसभा में भाजपा को हराने के लिए पुरजोर कोशिश करेगें।



जींद। बैठक करते ग्रामीण चौकीदार। फोटो :हरिभूमि

# मांगों को लेकर मिड-डे मील वर्कर्स का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन ने बुधवार को मिड-डे मील वर्करों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इससे पहले यूनियन वर्करों ने नेहरू पार्क में इकट्ठी होकर सभा की। इसकी अध्यक्षता मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान कैलाश खापड़ ने की जबकि संचालन जिला सचिव सुनीता ने किया।

मिड-डे मील वर्करों को संबोधित करते हुए यूनियन के रा'य कमेटी सदस्य संदीप जाजवान, सीटू जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र ने कहा कि भाजपा सरकार चाहे कच्चे कर्मचारी हों या पक्के सबको परेशान कर रही है, लोगों को धर्म और जाति में उलझा कर शिक्षा स्वास्थ्य आदि से वंचित किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को हराकर ही हम संवैधानिक अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं। भाजपा सरकार महिलाओ का लगातर शोषण कर रही। उन्होंने कहा कि मिड-डे मील वर्कर काफी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रही है लेकिन मौजूदा भाजपा की सरकार हमारी समस्याओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। इसी बीच 18 अप्रैल को विभाग के निदेशालय की ओर से एक पत्र जारी हुआ है। इस पत्र के आधार पर स्कूल का हेड मास्टर या प्रिंसिपल कर्मचारियों को 8:00 बजे आने व 2:30 बजे जाने के लिए मजबूर कर रहे हैं और कह रहे हैं कि बायोमेट्रिक मशीन में आपकी हाजिरी लगेगी। जो की बिल्कुल गलत वह झूठ है। इस पत्र में विभाग की तरफ से हाजिरी लेने का कोई जिक्र नही है जबकि स्कूलों में इसके लिए बार-बार दबाव बनाया जा रहा है और बेगार कराने की एक साजिश की जा रही है। विभाग से जानकारी मांगी तो विभाग भी इसके लिए मना कर रहा है तो फिर स्कूलों में यह दबाव क्यों बनाया जा रहा है।




जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करती मिड-डे वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि

---

# अमेरिका भेजने का झांसा दे हड़पे 26.30 लाख, चार पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

■ अमेरीका के लिए रवाना किए दोनों युवक दुबई से वापस लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दो युवकों को अमेरीका भेजने का झांसा देकर 26 लाख 30 हजार रुपये हडपने का मामला सामने आया है। दो युवकों को दुबई तक भेजा भी गया लेकिन उन्हें वापस लौटना पड़ा। जब राशि वापस मांगी तो आरोपितों ने राशि लौटाने से मना कर दिया। अलेवा थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, इमीग्रेशन एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अलेवा निवासी सदानंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नवंबर 2022 में उसके ताऊ के मार्फत उसकी मुलाकात गांव छैने निवासी राजेश अहलावत से हुई थी। जिसके बाद मिलना-जुलना शुरू हो गया। राजेश ने बताया कि वह युवकों को विदेश में भेजता है। राजेश की बातों में आकर उसने अपने भांजे रोहित तथा ताऊ के बेटे सतीश को अमेरीका भेजने के लिए कहा। जिसकी एवज में राजेश ने 60 लाख रुपये की डिमांड की। अगस्त 2023 में राजेश को 23 लाख रुपये दे दिए गए। दो लाख 30 हजार रुपये राजेश की पत्नी कविता तथा एक लाख रुपये टिकट बनवाने के लिए डलवाए गए। दोनों बच्चों को अमेरीका भेजने के नाम पर राजेश तथा उसके परिजनों ने कुल 26 लाख 30 हजार रुपये ले लिए। जिसके बाद दो युवक दुबई के अलमठी तक गए भी लेकिन उन्हें रास्ते में वापस लौटना पड़ा। जिस पर उन्होंने राजेश से रुपये वापस मांगे। लंबा समय बीत जाने के बाद भी रुपयों को वापस नही लौटाया गया। अब उसका फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है।

#### मामले की जांच जारी

अलेवा थाना पुलिस ने सदानंद की शिकायत पर राजेश अहलावत, राकेश अहलावत, कविता अहलावत, सुमित अहलावत के खिलाफ धोखाधड़ी, इमीग्रेशन एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलेवा थाना के जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि विदेश भेजने के नाम पर राशि हड़पने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# लूट और डकैती के 6 दोषियों को 10-10 वर्ष की कैद और जुर्माना

■ जुर्माना नहीं देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अतिरिक्त सेशन जज डॉ. नंदिता कौशिक की अदालत ने लूट और डकैती के 6 दोषियों को 10-10 साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को 60000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस बारे में सुरजीत सिंह निवासी गांव सोथा ने थाना सदर में 6 जून 2020 को मुकदमा नंबर 155 दर्ज करवाया था। स्टेट की ओर से केस की पैरवी उप जिला न्यायवादी सुखदीप सिंह ने की। कोर्ट फाइल के हवाले से सुखदीप सिंह ने बताया कि सुरजीत सिंह एचडीएफसी बैंक व एटीएम गांव क्योङक में गार्ड की ड्यूटी पर लगा हुआ था। 5 जून 2020 की रात को वह हर रोज की तरह बैंक व एटीएम की सिक्योरटी में तैनात था। रात 1 बजे एक कार में से पांच युवक उतर कर आए जिनमें से एक के हाथ में पिस्तौल व अन्य के तलवार, सरिये व राड़ थी। पिस्तौल लिए हुआ युवक उसे पकङकर साथ लगते टैंट हाउस में जबरदस्ती ले गया और उसकी कनपटी पर पिस्तौल लगाकर जबरदस्ती बैंक की चाबियां व फोन छीन लिया। सुरजीत को दुकान में रखी कुर्सी से रस्सी से बांध दिया। एक युवक उस पर पिस्तौल तानकर खड़ा रहा बाकि सभी बैंक व एटीएम में घुस गए और बैंक में तोडफोड़ करने लगे गए। कुछ समय बाद पुलिस की गाड़ी सायरन बजाती आई जिससे डरकर पिस्तौल ताना हुआ युवक भाग गया।

---

**जनसभा** मुख्यमंत्री ने नरवाना मे आयोजित विजय संकल्प रैली को किया संबोधित

# पाकिस्तान के मंत्री एक्स पर कांग्रेस को वोट की कर रहे अपील: नायब सिंह सैनी

### कहा : नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को दुनिया में अलग पहचान मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना/जींद

हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लिए पाकिस्तान के मंत्री एक्स पर वोट देने की अपील कर रहे हैं। अलगाववादी नेता यासीन मलिक दिल्ली में पोस्टर लगा कर कांग्रेस के लिए वोट मांग रहा है। ऐसे लोगों को देश कैसे सौंपा जा सकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को सिरसा से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में नरवाना मे आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। कहा कि कांग्रेस ने 2014 में 464 सीटों पर चुनाव लड़ा था। 2019 में 421 सीटों पर चुनाव लड़ा और आज वह केवल 272 सीटों पर सिमट गई है। 2029 तक कांग्रेस पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। इंडी गठबंधन में शामिल दल परिवार और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए इकट्ठा हुए हैं। कल तक जो एक दूसरे को पानी पी पीकर गालियां देते थे वही आज परिवार और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए गले मिल रहे हैं। कहा कि आप के लोग कहते थे कि अगर सोनिया गांधी की ईडी से जांच करवा दी जाए तो सोनिया गांधी तिहाड़ जेल में होंगी। गरीब आदमी की लड़ाई मजबूती के साथ नरेंद्र मोदी ने लड़ी है। गरीब को मकान बना कर देने से लेकर आयुष्मान कार्ड देने तक का काम नरेंद्र मोदी ने किया है।




जींद। लोगों का अभिवादन स्वीकार करते सीएम नायब सिंह सैनी। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

पार्टी निवर्तमान सांसद सुनीता दुग्गल, भाजपा के जिलाध्यक्ष राजू मोर, डा. राज सैनी, स'जन गर्ग, जजपा के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

## डोर-टू-डोर जन स्वास्थ्य की टीम कर रही पेयजल व्यवस्था की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में दूषित पेयजल सप्लाई की समस्या के निवारण को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित आवासीय क्षेत्रों में डोर टू डोर अभियान चलाकर पानी की जांच कर रही हैं। इसके तहत वीडियो-फोटोग्राफी करते हुए उपभोक्ताओं से पानी की स्थिति की जानकारी ली जा रही है। इसके अनुसार कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है। उपरांत इस आधार पर जन स्वास्थ्य विभाग कार्यकारी अभियंता गौरव कांसल ने पेयजल व्यवस्था में सुधार की प्रोग्रेस रिपोर्ट की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों से दूषित पेयजल और सीवरेज ओवर फ्लो की शिकायतें मिली या मिल रही हैं उनका निवारण करने का क्रम जारी है। साथ ही इसका पूर्ण ब्यौरा तैयार किया जा रहा है। बेहतर पेयजल व सीवरेज प्रणाली की सेवा उपलब्ध करवाना विभाग का ध्येय है। जिन कारणों से शुद्ध पानी की सप्लाई में नगर वासियों के सामने समस्या आई उस त्वरित कार्यवाही अमल में लाई गई। व्यवस्था को मजबूत करने का क्रम जारी रहेगा। कलायत में सोमवार को दूषित पेयजल समस्या को लेकर हाहाकार मच था। महिलाओं, युवा बच्चों में उलटी-दस्त की शिकायत पर स्थिति पेचीदा हो गई थी।

## खबर संक्षेप

### दस को नैना चौटाला उचाना हलके में

**उचाना।** 10 मई को हिसार लोकसभा से जेजेपी उम्मीदवार नैना चौटाला हलके के विभिन्न गांवों के दौरे करेंगी। उचाना कार्यालय सचिव प्रो. जगदीश सिहाग एवं अनिल शर्मा ने बताया कि करसिंधु गांव से दौरे की शुरूआत होगी। छात्तर, कुचराना कलां, बधाना, घोघड़िया, रोज खेड़ा, बड़ौदा, उचाना कलां, सुरबरा, मंगलपुर, काकड़ोद गांव में ग्रामीण जनसभाओं को नैना चौटाला संबोधित करेंगी।

### क्रिकेट अंडर-16-अंडर-19 के लिए ट्रॉयल 12 मई को

**जींद।** हरियाणा क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-19 व अंडर-16 के लिए ट्रायल जींद जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में 12 मई को सुबह सात बजे रॉयल स्पोर्टस अकेडमी पिंडारा में आयोजित किया जाएगा। सचिव केके चहल ने बताया कि यह प्रतियोगिता हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के नियमों द्वारा करवाई जाएगी।

### आठवां अहेरी समाज आरक्षण दिवस आज

**नरवाना।** अहेरी समाज की ओर से 9 मई को आठवां अहेरी समाज आरक्षण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। 9 मई को नरवाना के गांव सिंगोवाल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरिओम नायक राष्ट्रीय अध्यक्ष अहेरी समाज शिरकत करेंगे। जानकारी देते हुए गांव सरपंच प्रदीप ने समाज के लोगों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर पहुंचने का आह्वान किया।

### प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम 19 को

**उचाना।** सुदकैन खुर्द गांव में 19 मई को प्रमुख समाज सेवी एवं स्व. प्रोफेसर वजीर खटकड़ की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित होगा। अनुराग खटकड़ ने बताया कि हवन के बाद प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम होगा। शिक्षा को लेकर उनके पिता ने अभिभावकों के साथ-साथ समाज को जागरूक करने का काम किया। समाज सेवा के कामों में वो बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे।

### रिटायर्ड कर्मचारी-अधिकारी एसो. का चुनाव 11 मई को

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन के प्रधान किताब सिंह भनवाला, महासचिव कुलदीप सिंह गोयत तथा प्रेस सचिव जगदीश पांचाल ने बताया कि जिला कार्यकारिणी ईकाई का चुनाव 11 मई शनिवार को जाट धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। यह चुनाव प्यारेलाल, देशलाल और मिहासिंह खटकड़ की देखरेख में होगा। ये दोनों पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे।

### पुलिस ने छह उद्घोषित अपराधियों को दबोचा

**जींद।** जिला पुलिस ने उद्घोषित अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में छह आरोपितों को काबू किया है। जींद पुलिस द्वारा उद्घोषित अपराधी एवं बेल जंपर की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पिछले दो दिन में ही नौ आरोपितों को काबू कर उन्हें जेल भेजने का काम किया है। अबतक पुलिस चार माह में 99 उद्घोषित अपराधी व 32 बेल जंपरों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### राजा नल दमयंती स्वांग का मंचन

**जींद।** गांव लोहचब के मैरीज पैलेस में संस्कृति मंत्रालय के सौजन्य से राय धनपत सिंह द्वारा लिखित राजा नल दमयंती स्वांग का आयोजन किया गया। संस्था के सचिव विजय कुमार ने बताया की विलुप्त होती हरियाणवी संस्कृति को बचाने के लिए एक मुहिम के तहत मुख्य सांगी संजय लाखनमाजरा द्वारा स्वांग की प्रस्तुति दी गई।

### चुनावी खर्च का सही ब्योरा रखना जरूरी: पर्यवेक्षक

**जींद।** सोनीपत लोकसभा चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर व्यय पर्यवेक्षक भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी मेहता मनीष मोहिंद्र कुमार ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कान्फ्रेंस हॉल में चुनावी खर्च का ब्यौरा रखने से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।


### सीआर कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस धूमधाम से मनाया

# रेडक्रॉस का उद्देश्य विश्व में आपसी समझ, दोस्ती सहयोग व शांति को स्थापित करना : प्रो. अजमेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

छोटूराम किसान महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस सेल व नशा निरोधक जागरुकता सेल के द्वारा अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस ईकाई के इंचार्ज प्रो. अजमेर सिंह गोयत ने बच्चों को बताया कि रेडक्रॉस का यह स्वैच्छिक संगठन एक बहुत बड़ा अंतरराष्ट्रीय संगठन और आंदोलन है। इस आंदोलन की शुरुआत स्विट्जरलैंड के एक व्यापारी जिन हेनरी ड्यूनेट ने की। हेनरी ने देखा कि सोल फेरिनो की लड़ाई जो फ्रांस व ऑस्ट्रिया के बीच हुई थी। जिसमें हजारों सिपाही मृत्यु को प्राप्त हुए व हजारों की संख्या में घायल युद्ध मैदान में ही तड़प रहे थे। जिनकी कोई सहायता करने वाला नही था। हेनरी ने उनकी सहायता की पहल की व आसपास के गांव से लोगों को बुला कर घायलों की सहायता की। इस अभियान में इस संगठन रेडक्रॉस का आविष्कार हुआ। जो आज राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत है। कॉलेज के प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू ने कहा कि इस संगठन का उद्देश्य विश्व में आपसी समझ, दोस्ती, सहयोग और शांति को स्थापित करना है। मानवीय गतिविधियों के सभी पहलुओं को समझते हुए मानव को विभिन्न आपदाओं जैसे अकाल, बाढ़, अग्निकांड, भूकंप, महामारी, दंगे आदि से कैसे बचाया जाए। यहां तक की मानव को शराब, नशा आदि से कैसे बचाया जाए के आधार पर कार्य करना है। दयालुता की शक्ति में हमारा विश्वास यह रेडक्रॉस का सिद्धांत बन गया है और मानवीय मूल्यों को कैसे बढ़ाया जाए, यह इसका लक्ष्य बन गया है। 150 सालों से यूथ रेडक्रॉस अपनी सेवाएं दे रहा है। हमें भी इस संगठन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन और दूसरों के जीवन का ध्यान रखना चाहिए। स्वैच्छिक रूप से मानव मानव के काम आएगा तो स्वर्ग धरती पर ही आ जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।





जींद। अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. अजमेर गोयत तथा अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस पर अपने द्वारा बनाए गए चित्र दिखाते हुए छात्र-छात्राएं। फोटो: हरिभूमि




जींद। विश्व रेड क्रॉस पर बनाई गई पेंटिंग के साथ छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### कन्या महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया

**उचाना।** रेलवे रोड स्थित सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय उचाना मंडी में विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षताप्राचार्य डॉ. उमेश कुमार ने की। डॉ. उमेश कुमार ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई को हेनरी डोनेट की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य मानवता की रक्षा आपातकालीन स्थितियों में जीवन सुरक्षा और रक्तदान करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। छात्राओं ने रंगोली, चार्ट, मॉडल बनाकर स्लोगन के द्वारा विश्व रेड क्रॉस के बारे में जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रही।

### समाज में मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए दया भावना से कार्य करना वैदिक संस्कृति का अभिन्न अंग: प्राचार्या

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में राष्ट्रीय सेवा योजना रैड क्रास एवं रैड रिबन शाखाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रैड् रक्रास दिवस पर व्याख्यान नारा लेखन एवं चित्र निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संचालक जयपाल सिंह आर्य ने कहा भारतवर्ष में सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार युद्ध काल में रण क्षेत्र की नियमावली थी जिसके अनुसार निर्वस्त्र, पागल, घायल, निरूशस्त्र सैनिक, वृद्ध, बालक, नारी इत्यादि पर किसी प्रकार पराहर नहीं किया जाएगा। रण क्षेत्र से घायल सैनिकों को उठा कर का उपचार करने का विधान रहा था। युद्ध उपरान्त सायं काल मृतकों का दाह संस्कार तथा घायलों का उपचार विधि अनुसार किया जाता था। युद्ध की विभीषिका को देखकर जीन हैनरी डांनट ने क्रॉस की स्थापना की थी। द्वितीय विश्व युद्ध के उपरांत 1946 को उनके जन्मदिन को रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाने का प्रावधान किया गया। इस दौरान अपने संदेश में प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने कहा कि समाज में मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए दया भावना से कार्य करना वैदिक संस्कृति का अभिन्न अंग है। नारा लेखन में प्रीति प्रथम, प्रियंका द्वितीय, मानिक तृतीय स्थान पर रही है और चित्र निर्माण सुनील प्रथम, सुमित एवं आशिश द्वितीय एवं अन्नु तृतीय स्थान पर रही है। विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर लाल सिंह, सुमन ढुल, कविता, रविन्द्र इत्यादि उपस्थित रहे हैं।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र। फोटो: हरिभूमि

### राजकीय महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस शाखा द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में मनाया गया। उन्होंने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस आठ मई को हेनरी डोनेंट रेडक्रॉस संस्थापक के जन्मदिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है। यह दिन प्राकृतिक आपदाओं, सशस्त्र संघषोंर् और अन्य संकटों से पीड़ित लोगों को समर्पित है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अमन ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस सोसायटी ही एकमात्र ऐसी संस्था है जिनको तीन बार नोबेल प्राइज मिला है। महाविद्यालय में इस अवसर पर हेनरी डोनेंट के जीवन से संबंधित भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें अमन प्रथम, लकी द्वितीय और ध्रुव तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस अधिकारी शिव कुमार, भूपेंद्र, सुशीला, सुमन, अंजलि का विशेष योगदान रहा।



जींद। विजेता बच्चों के सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### भाषण प्रतियोगिता में रेनू ने पाया पहला स्थान

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डीन अकादमिक अफेयर्स प्रोफेसर संजय कुमार सिन्हा ने किया। इस प्रतियोगिता में यूथ रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों के 100 स्वयंसेवकों ने इस में भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर रेनू शारीरिक शिक्षा विभाग, द्वितीय स्थान पर अभिषेक लाइब्रेरी विज्ञान विभाग एवं तृतीय स्थान पर प्रीति शारीरिक शिक्षा विभाग से रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कार्यक्रम संयोजक को बधाई दी व इस तरह के कार्यक्रम को भविष्य में करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को रेडक्रॉस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मंच संचालन डा. रोहित राठी एवं डा. मंजू सुहाग ने किया।

# हमेशा दूसरों की इज्जत करो: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में भजन-कीर्तन में पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि इंसान को नींद तभी आती है जब वो निश्चित हो जाता है। चिंता एक जहर है। चिता तो सिर्फ तन को जलाती है चिंता तन-मन दोनों को जलाती है।

चिंता नहीं चिंतन कीजिए समस्या का समाधान जरूर मिलेगा। कुछ अच्छे दोस्त जरूर बनाइ और अपने मन की सारी बातें उनसे कह डालिए। नहीं तो गुरू, ईश्वर को अपना सब कुछ मानकर सारी बातें कहते रहिये। आंगन में लगे पेड़-पौधों के सामने भी चिंताओं को उगला जा सकता है। जिस व्यक्ति की ओर से चिंता है, उसे कह डालिये, जिससे चिंता की जड़ ही कट जाए। अमीर आदमी को आज नींद लेने के लिए गोली खानी पड़ती है वही एक गरीब व्यक्ति अखबार बिछाकर फुटपाथ पर भी सो जाता है। आज जितने सुख सुविधा के साधन बढ़े है उतनी ही मानव की चिंता बढ़ी है। शर्मा ने कहा कि आज इंसान अपने आप से ही दूर हो गया है। एक मछली है जो नदी में रहती है तो खुश रहती है। एक दिन नदी से बाहर आ जाती है तो तड़पती है, परेशानी होती है। हमेशा दूसरों की इज्जत करो कभी किसी का अपमान मत करो। इज्जत हमेशा इज्जतदार लोग ही करते है क्योंकि जिनके पास खुद इज्जत नहीं वे किसी और को क्या इज्जत देंगे।



उचाना। कीर्तन में निकाली गई सुंदर झांकी की प्रस्तुत देते हुए। फोटो: हरिभूमि

- कहा : चिंता नहीं चिंतन कीजिए समस्या का समाधान जरूर मिलेगा

### उचाना: लोकसभा चुनाव को जिला प्रशासन चौकस

**उचाना।** एसडीएम एवं रिर्टनिंग अधिकारी उचाना गुलजार मलिक ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने को लेकर सभी पुख्ता प्रबंध किए गए है। वाहनों की तलाशी के लिए उचाना कलां में अलग-अलग जगहों पर 3 नाके लगाए गए है। किसी वाहन में जांच प्रक्रिया के दौरान मादक पदार्थ, शराब, नकदी इत्यादि पाई जाती है तो वाहन को इंपाउंड, संबंधित चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मलिक ने कहा कि चुनाव के दौरान पैसों के लेनदेन से मतदाताओं को लुभाने व प्रभावित करने की आशंका बनी रहती है, जोकि आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लघंना है। यदि किसी व्यक्ति के पास उसके वाहन में 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी है तो उसके बारे में उसको पूरा विवरण देना होगा, यदि वाहन चालक नकदी के बारे में सही जानकारी नहीं दे पाता है तो संबंधित टीमों द्वारा नकदी को जब्त कर लिया जाएगा। बताया कि व्यक्ति पचास हजार से दस लाख तक बिना आथोरिटी के पैसों को नहीं ले जा सकता, अगर व्यक्ति के पास आथोरिटी नहीं होगी तो एफएसटी, एसएसटी टीम द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

# भिवानी रोड रेलवे अंडरपास का काम अधूरा

- काम पूरा न होने से दर्जनों कालोनियों के लोग प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गोयल का आरोप है कि भिवानी रोड पर रेलवे अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा न की वजह से आस पास की दर्जनों कालोनियों के हजारों लोग प्रभावित हैं और साथ ही दुकानदारों के काम धंधे ठप हो कर रह गए है। गोयल ने कहा कि कब भिवानी रोड का यह रेलवे अंडरपास कब पूरा होगा। गोयल का कहना है कि दिसंबर 2022 में इस अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। जिसे मार्च 2024 तक पूरा किया जाना था लेकिन अभीतक इस अंडरपास का काफी निर्माण कार्य अधर में अटका पड़ा है। काम अधर में लटकने से यहां की आसपास की दर्जनों कालोनियों के हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं। यहां देवीलाल चौक से इस अंडरपास के रास्ते भिवानी रोड बाईपास तक जाना दूभर हो गया है। इसके अलावा यहां उठ रहे रेत के गुब्बार ने तो लोगों का जीना और भी दुश्वार कर दिया है। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द इस अंडरपास को पूरा करे। गोयल ने कहा कि देवीलाल चौक से लेकर भिवानी रोड बाईपास तक के क्षेत्र में दर्जनों कालोनियां आती हैं। जिसमें अजमेर बस्ती, खेम नगर, बाल आश्रम बस्ती, भूपेंद्र नगर, गुप्ता कालोनी इत्यादि कालोनी शामिल हैं। इन कालोनियों में 15 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं।



जींद। अंडरपास का दौरा करते राजकुमार गोयल व अन्य। फोटो: हरिभूमि



जुलाना। पौली में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते स्कूली स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

### पौली के सरकारी स्कूल में मेधावी छात्रों का सम्मान

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के पौली गांव के सरकारी स्कूल में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्कूल के प्राचार्य सतीश शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य सतीश शर्मा ने कहा कि स्कूल में 15 छात्रों का 12वीं परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। जिनमें से पांच छात्रों को मैरिट व तीन छात्रों ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सात छात्रों ने 70 प्रतिशत से 'यादा अंक प्राप्त किए हैं। सतीश शर्मा ने कहा कि यह परिणाम स्कूल के मेहरती स्टाफ और छात्रों की लग्न का परिणाम है। अन्य छात्रों को भी मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करनी चाहिए। जीवन में हर मुकाम को पाया जा सकता है बशर्ते उसे पाने की लग्न होनी चाहिए। छात्रों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करके मेहनत करनी चाहिए। स्वीटी गहलावत, मोनिका मलिक, रामू दलाल, 'योति अहलावत, जोग्रेंद्रपाल, सुखवंत, विजय, सुरेश, संजय आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थी रक्तदान को बनाएं आदत : रवि

- प्रत्येक विद्यार्थी को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए
- रेडक्रास द्वारा प्रदेश में बच्चों को कंप्यूटर ज्ञान देने के लिए सेंटरों का संचालन किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विश्व रेडक्रास दिवस पर जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव रवि हुड्डा ने इंडियन रेडक्रास सोसायटी हरियाणा ब्रांच द्वारा डीआरडीए के सामने की हुडा मार्केट में संचालित रेडक्रास इंस्टीच्यूट आफ टैक्नालॉजी में छात्रों को संबोधित किया। सचिव रवि हुड्डा ने कहा कि हर विद्यार्थी को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान करने की आदत बनानी चाहिए। हुड्डा ने छात्रों को विश्व रेडक्रास दिवस के बारे में बताया। बताया कि रेडक्रास के फाउंडर हैनरी डुनेंट को क्यों रेडक्रास की स्थापना करनी पड़ी। सचिव ने रेडक्रास सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी बच्चों को दी। उन्होंने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस जीवन का अहम हिस्सा है। बिना लाइसेंस के वाहन चलाना अपराध है। इसलिए ड्राइविंग लाइसेंस जरूर बनवाएं। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने से पहले जिला रेडक्रास सोसायटी के भवन में ऑफलाइन क्लास जरूर लगाएं और सर्टिफिकेट प्राप्त करें। सचिव ने कहा कि यह सर्टिफिकेट लेने के बाद ही लर्निंग लाइसेंस बनवाया जा सकता है। सचिव ने कहा कि रेडक्रास द्वारा प्रदेश में बच्चों को कंप्यूटर ज्ञान देने के लिए सेंटरों का संचालन किया जा रहा है। इन सेंटरों में हजारों बच्चे कंप्यूटर सीख रहे हैं।



जींद। हुडा मार्केट के आरसीआईटी सैंटर में विद्यार्थियों को संबोधित करते सचिव रवि हुड्डा। फोटो: हरिभूमि




जींद। शिविर में रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### नागरिक अस्पताल में 27 युवाओं ने किया रक्तदान

**जींद।** नागरिक अस्पताल में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर बुधवार को कुमाऊं सभा जींद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 27 युवाओं ने किया रक्तदान किया। कुमाऊं सभा जींद के महासचिव गोविंद बिष्ट ने बताया कि सभा द्वारा तीसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। ब्लड बैंक सिविल हॉस्पिटल जींद में किया गया जिसमें 27 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर अपना योगदान दिया। शिविर में रेडक्रॉस सचिव रवि हुड्डा एवं उनकी टीम के साथ-साथ कुमाऊं सभा जींद के प्रधान उर्वादत्त, सत्यवली, चंदन सिंह रावत, गोपाल सिंह रावत एवं केशव तिवारी मौजूद रहे। रेडक्रॉस के सचिव रवि हुड्डा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है और हर व्यक्ति खासकर युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। रक्तदान करने से शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार व गौरव अनुभव होता है। मानव रक्त का वैज्ञानिक भी कोई विकल्प नहीं निकाल पाए हैं। आवश्यकता होने पर खून की पूर्ति केवल मानव रक्त से ही हो सकती है।

### पवित्र सरोवर में डुबकी लगाकर की मोक्ष की कामना

# वैशाख अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान

- दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान तथा सूर्य देव को जलार्पण कर सुख समृद्धि की कामना की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर बुधवार को वैसाख अमावस्या पर सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान करके करके तर्पण किया। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर मंगलवार को शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था और पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। बुधवार को तड़के से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्य देव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से ये माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। वहीं पिंडारा तीर्थ पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने खरीददारी भी की। तीर्थ पर लोगों ने सामान बेचने के लिए फड़े लगाई हुई थी। जिस पर बच्चों तथा महिलाओं ने खरीददारी की। बच्चों ने जहां अपने लिए खिलौने खरीदे तो वहीं बड़ों ने भी घर के लिए सामान खरीदे।



जींद। वैसाख अमावस्या पर पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान करवाते हुए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि



जींद। बच्चों को संबोधित करते निदेशक अंजू सिहाग। फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थी जीवन का हर क्षण महत्वपूर्ण : सिहाग

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए एक स्वागत सामारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्रों ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्र'वलित करके किया गया। विद्यार्थियों ने प्रवेश लेने वाले बच्चों को तिलक लगा कर व नृत्य द्वारा अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। इसमें बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान संबोधन में निर्देशिका महोदया ने विद्यार्थियोंकामनोबल बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि आगामी दोनों वर्ष उनके लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। भावी जीवन की आधारशिला इन्ही दो वषार्ें पर निर्भर करती है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते उन्हें स्नेहाशीष दिया।

खबर संक्षेप

### धोखे से बैंक डिटेल लेने वाले 3 आरोपी काबू

**कैथल।** लोगों को पैसे का लालच देकर धोखे से सिम कार्ड,बैंक खाता, एटीएम कार्ड व चैक बुक प्राप्त करके इनका अन्य अपराधो में इस्तेमाल करने वाले 3 आरोपियों को स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस द्वारा काबू कर लिया गया। सभी आरोपी बुधवार को अदालत में पेश किए गए जिसके बाद आरोपियों को रिमांड पर लिया है।

### 13, 14 मई को लगेगा पीर दानू शाह समाधि पर मेला

**गुहला-चीका।** उपमंडल के गांव तारांवाली में जय पीर दानू शाह नौजवान कमेटी व समूह ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से पीर बाबा दानू शाह की समाधि पर 13 व 14 मई को दो दिवसीय विशाल सालाना मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के दौरान कुश्ती दंगल का आयोजन भी करवाया जाएगा। मेले में गोपाल पुरिया अपनी आवाज का जादू बखेरेंगे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल

**कैथल।** अलग-अलग जगहों पर हुई तीन सडक दुर्घटनाओं में तीन घायल हो गए। पुलिस ने सभी मामलों में आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में गांव ककहेड़ी निवासी दर्शन सिंह शिकायत दी कि पांच मई को सुबह के समय वह सरकारी स्कूल के पास से जा रहा था। वहां अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया।

### हर्षोल्लास से संपन्न हुआ योग दिवस

**कैथल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के निदेशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के उपलक्ष्य में गांव खुराना एवं चौशाला की योग व्यायामशाला में योग प्रशिक्षण का अभ्यास जिला योग विशेषज्ञ डॉ. एच. एस. हुड्डा एवं जिला योग कोर्डिनेटर डॉ. शिव कुमार के मार्गदर्शन में आयुष योग सहायको के माध्यम से करवाया गया।

### यात्रियों को नशा न करने के लिए किया जागरूक

**कैथल।** एचसी सुनील कुमार द्वारा गांव खरकां, समाधा, पपराला व थेह खरक में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है।

### क्रिकेट टीम मे चयन के लिए ट्रायल 12 को

**कैथल।** हरियाणा क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता व-16 के लिए ट्रायल कैथल जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में 12 मई 2024 को सुबह 8:00 बजे इंडस पब्लिक स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित होंगे। अंडर-16 आयु वर्ग के सभी खिलाड़ीयों की प्रतियोगिता नियमों एवं मानदंडों के द्वारा करवाई जाएगी।

### किसानों को दी मिट्टी और पानी जांच की जानकारी

**कैथल।** चौ चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र, कैथल द्वारा प्रगतिशील किसान क्लब, कैथल व एसएमएल लिमिटेड के सहयोग से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डॉ रमेश वर्मा ने बताया कि इस गोष्ठी में किसानों को मिट्टी-पानी जांच व धान में बीजोपचार के बारे में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

### सोशल मीडिया के बुरे प्रभावों को दर्शाया

**राजौंद।** आदर्श स्कूल जखौली मे बच्चो ने लघु नाटिक के माध्यम से बताया कि सोशल मीडिया साइबर-बुलिंग को बढ़ावा देता है। यह फेक न्यूज और हेट स्पीच फैलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सोशल मीडिया पर गोपनीयता की कमी होती है और कई बार आपका निजी डेटा चोरी होने का खतरा रहता है। साइबर अपराधों जैसे- हैकिंग और फिक्सिंग आदि का खतरा भी बढ़ जाता है।

## जरूरतमंद लोगों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराती रेड क्रॉस

# जनसेवा और विश्व शांति की महान मिसाल है रेडक्रॉसः बृज भूषण

**सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी, काउंसलर हरजिंदर सिंह ने प्रतिभागियों को स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता की रेड क्रॉस दिलाई शपथ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

रेड क्रॉस सोसाइटी एक अंतरराष्ट्रीय महान संस्था है जो विश्व शांति व मानवीयता का संदेश देती है। यह विचार बृजभूषण वरिष्ठ प्रधानाचार्य ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाबा में आयोजित विश्व रेडक्रॉस दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कहे। बृज भूषण ने कहा कि रेड क्रॉस जनसेवा और विश्व शांति की महान मिसाल है जो जरूरतमंद और बेसहारा लोगों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराती है। दाबा स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव कोछर की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि ने रेड क्रॉस ध्वजारोहण व रेड क्रॉस के पितामह सर जीन हेनरी ड्युना की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। बृज भूषण ने अध्यापकों को स्कूल स्तर पर जूनियर रेड क्रॉस गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जूनियर रेड क्रॉस विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। काउंसलर हरजिंदर सिंह ने प्रतिभागियों को स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता की रेड क्रॉस शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें समाज में पनप रहे नशीले पदार्थों के प्रचलन को रोकने तथा लोगों में जागरूकता लाने का विशेष प्रयास करना होगा। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ राजीव कोछर ने खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि वरिष्ठ प्रधानाचार्य बृज भूषण व अन्य अतिथियों का फूल बूक्का दे कर स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल विशिष्ट अतिथि सरपंच मलकीत सिंह ने कहा कि अध्यापक समाज और राष्ट्र के लिए विकास का काम करता है और उसी के प्रयास से ही समाज और राष्ट्र को मजबूती प्राप्त होती है। इस अवसर पर प्राध्यापक मोहित सहगल, समाज सेवी स्वरूप सिंह, परमजीत कौर, मनप्रीत कौर, सुनीता, नवजोत कौर, अमरदीप सिंह, अंग्रेज सिंह, ग्राम पंचायत एवं एसएमसी सदस्यों सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।




**गुहला चीका।** जागरूकता रैली को रवाना करते खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि प्रधानाचार्य बृज भूषण फोटो : हरिभूमि



### रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में बार एसोसिएशन गुहला में लगाया रक्तदान शिविर

**गुहला-चीका।** आज यहां विश्व रेडक्रास दिवस के उपलक्ष्य में बार ऐसोसिएशन गुहला की ओर से रेडक्रास एवं शहर की सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था 'नेकी का घर' के सहयोग से गुहला बार में एक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन माननीय अक्षय चौधरी व सिविल जज जूनियर डिवीजन राजविंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शिविर के दौरान बार ऐसोसिएशन के पूर्व प्रधान स्वर्गीय बलदेव पूनिया व वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय राय सिंह भूना को श्रद्धांजली भी अर्पित की गई। रक्तदान शिविर में माननीय न्यायाधीशों, वकीलों व शहर के कई अन्य प्रतिष्ठित लोगों ने भी रक्तदान किया। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के संस्थापक सन्नी कालड़ा ने बताया कि आज के शिविर में करीब एक सौ रक्तवीरों ने रक्तदान करके ना केवल अपना सामाजिक दायित्व निभाया अलबत्ता पुण्य के भागी भी बने। उन्होंने कहा कि यूं तो सभी प्रकार के दान का महत्व है परंतु रक्तदान का अपना ही महत्व है क्योंकि यह सीधी सीधे इंसान के जीवन से जुड़ा होता है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे भी रक्तदान करने की आदत डाल लें क्योंकि रक्तदान करना स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। इस अवसर पर बार ऐसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र हांडा, दर्शन हांडा, चरण सिंह, संदीप पूनिया, राज सीड़ा, हुकम चंद, डाक्टर जोसन व गुरदीप चाबा आदि भी मौजूद रहे।



### यूथ रेडक्रास आरकेएसडी महाविद्यालय ने मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**कैथल।** आर. के. एस. डी. महाविद्यालय में यूथ रेडक्रास, एन. सी. सी. और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सर जीन हेनरी डयूनेंट के जीवन दिवस के उपलक्ष्य में विश्व रेडक्रास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष 8 मई को सर जीन हेनरी डयूनेंट की याद में विश्व रेडक्रास दिवस मनाया जाता है। इस शिविर का उद्घाटन श्री अश्विनी शोरेवाला, प्रधान राष्ट्रीय विद्या समिति, उप प्रधान श्री श्याम बंसल और प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने किया। इस शिविर का आयोजन नोबेल ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया, जिसमें लगभग 30 युनिट्स रक्त एकत्रित हुआ। इस शिविर के आयोजक महाविद्यालय की यूथ रेडक्रास के काउंसलर डॉ. सुरेन्द्र सिंह आर्य थे। इस अवसर पर सैनी शिक्षा और सुधार समिति के प्रधान डॉ सी. बी. सैनी, महाविद्यालय रेडक्रास सोसायटी की काउंसलर डॉ. मंजुला गोयल, डॉ. देवी लाल, प्रोफेसर श्री ओम, डॉ. अनुकृति, राष्ट्रीय सेवा योजना के इंचार्ज डॉ. राजेश देशवाल, डॉ. सुरज वालिया, डॉ. रघबीर लाम्बा एन. सी. सी. इंचार्ज, डॉ. रिचा लांग्यान, डॉ नरेश कुमार और श्री यस पाल भी उपस्थित रहे।

## चीका में मनाया जाएगा परशुराम जन्मोत्सव

- 10 मई को होगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन
- धार्मिक व सामाजिक संस्था की ओर से बैठक में तैयारी हुई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज. गुहला-चीका

चीका शहर की सुप्रसिद्ध धार्मिक व सामाजिक संस्था भगवान श्री परशुराम धर्मशाला चीका में 10 मई को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। धर्मशाला के प्रधान महेंद्र शर्मा ने आज यहां बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रम की मुख्यातिथि प्रमुख समाजसेवी रक्षा देवी होंगी, जबकि मुकेश शर्मा व रामकिशन शर्मा संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

## विद्यार्थियों ने समाज को पहला सुख निरोगी काया का पाठ पढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के राजकीय महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में रेड क्रॉस और इंपोर्टेंट डे सेलिब्रेशन समिति दोनों के सामंजस्य से स्वास्थ्य जागरूक रैली का आयोजन किया गया। इस बार विश्व रेडक्रॉस दिवस की थीम- मानवता को जिंदा रखना है इसी को ध्यान में रखकर इंपोर्टेंट डे सेलिब्रेशन कमेटी के इंचार्ज रवींद्र कुमार हिंदी प्राध्यापक ने रैली के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया। जिससे वे आगे आकर प्रभावशाली रूप से समाज को जागरुक कर सके। रैली में विद्यार्थी अपने हाथों से लिखे स्लोगन लेकर चल रहे थे।सभी स्लोगन मानवता को जिंदा रखने का संदेश दे रहे थे जैसे- स्वास्थ्य है अनमोल इसका नहीं कोई मोल, स्वस्थ रहेगा तन तो मस्त रहेगा मन, स्वास्थ्य है जीवन का सार, इसके बिना है सब बेकार, मानवता को जिंदा रखना है जरूरी, इसीलिए तो स्वास्थ्य है बहुत जरूरी, पहला सुख निरोगी काया, स्वास्थ्य है जीवन की असली मोह माया विद्यार्थियों ने राजौंद की गलियों में घूम-घूम कर स्लोगन -शाउटिंग करते हुए लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। रैली में सभी विद्यार्थियों ने अनुशासनप्रियता का परिचय दिया। महाविद्यालय प्राचार्य राम मेहर ने रैली निकालने से पहले विद्यार्थियों को बताया कि आज हम विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इस जागरूक रैली के माध्यम से समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करके एक शिक्षित नागरिक होने का फर्ज अदा करने जा रहे हैं। स्वास्थ्य मानव जीवन की वह अनमोल पूंजी है जिसका कोई दूसरा पर्याय नहीं है।



## घंटों बाद किसानों को मिली धान के बीज की थैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी)की हल्का स्तरीय बैठक किसान भवन पूंडरी में हल्का प्रधान रणधीर बरसाना की अध्यक्षता में हुई। बैठक मे युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष विक्त्रम कसाना एडवोकेट ने विशेष तौर पर भाग लिया। बैठक का संचालन युवा जिलाध्यक्ष विक्त्रम दुसैण ने किया। बैठक के बाद युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्त्रम कसाना एडवोकेट की अगुवाई मे किसानों ने धान के बीज की कालाबजारी के विरोध मे सरकार व कृषि विभाग के उच्चाधिकारियो के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी कर रोष जताया। किसनों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही बीज की कालाबजारी नहीं रोकी गई तो भाकियू (चढूनी) कृषि विभाग के कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी।सरकार व कृषि विभाग की घोर लापरवाही के चलते धान के बीज 7501 व 7301 की सरेआम कालाबाजारी हो रही है। जिसको लेकर भाकियू (चढूनी) कई बार प्रशासन व कृषि विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद भी ब्लैक पर कोई रोक नहीं लगी है। इससे साफ जाहिर होता है कि कालाबजारी संबधित विभाग की देखरेख में हो रही है। किसानों को धान के बीज से वंचित किया जा रहा है। बीज प्राप्त करने के लिए किसान, महिलाएं व युवा 41डिग्री के तापमान में घंटों लाइनों में लग रहे है। उसके बाद भी उन्हें पीआर धान का बीज नसीब नहीं हो रहा है, लेकिन भाजपा सरकार को किसानों, महिलाओं व युवाओं के हितों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही देखिए कि पुलिस के पहरे के बीच एक किसान को आधार कार्ड दिखाने पर बीज की 3 किलो की एक थैली ही दी जा रही है। पीआर धान के बीज के लिए यह परेशानी कैथल जिले के किसान पिछले 10 दिनों से झेल रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी उन्हें धान की पनीरी उगाने के लिए पीआर धान-7501 किस्म का हाईब्रिड बीज नहीं मिल रहा। कैथल जिले में पीआर धान की 7501 किस्म के बीज का संकट छाया हुआ है।



**पूंडरी।** सरकार व कृषि विभाग के उच्चाधिकारियो के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी करते किसान। फोटो : हरिभूमि

## चुनाव में सभी ऑफिसर ईमानदारी से कार्य करें : प्रशांत पंवार

- गर्मी और लू को देखते हुए अपने-अपने क्षेत्र के पोलिंग बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं करवाएं सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव सम्पन्न करवाने में सेक्टर ऑफिसर व जोनल मैजिस्ट्रेट महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। सभी सेक्टर ऑफिसर व जोनल मैजिस्ट्रेट कर्मठता एवं ईमानदारी से कार्य करें और पीओ हैंडबुक का अच्छी तरह से अध्ययन करें ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की आशंका नहीं रहे। डीसी प्रशांत पंवार लघु सचिवालय स्थित सभागार में सेक्टर ऑफिसर व जोनल मैजिस्ट्रेट एवं अन्य चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि समूची चुनावी प्रक्रिया में चुनाव आयोग द्वारा दी गई हिदायतों की पालना शत-प्रतिशत होनी चाहिए। गर्मी और लू के मद्देनजर सभी सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के पोलिंग बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे छाया, पीने का पानी, शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें। सभी के पास संबंधित बूथों का नक्शा होना चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर संबंधित बूथों पर समय पर पहुंचने में आसानी हो। इस अवसर पर एडीसी सी.जया श्रद्धा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश गुरविंद्र सिंह, एसडीएम कृष्ण कुमार, सुशील कुमार, सत्यावान सिंह मान, नायब तहसीलदार चुनाव सुभाष चंद सहित जोनल मैजिस्ट्रेट व सैक्टर अधिकारी मौजूद रहे।




**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## भगवान परशुराम जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

- 12को ब्राह्मण धर्मशाला में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में जिला सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में 12 मई को जिला स्तरीय भगवान परशुराम जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शाम को धर्मशाला से लेकर शहर के मुख्य बाजारों में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की और भगवान परशुराम की भव्य झांकी निकाली जाएगी। जयंती समारोह पर धर्मशाला में आयोजित समारोह में पूर्व सांसद नवीन जिंदल मुख्य अतिथि होंगे और पूंडरी के पूर्व विधायक दिनेश कौशिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कैथल के विधायक भाई लीलाराम, राज्यसभा के पूर्व सांसद डीपी वत्स, नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, बीजेपी के जिला प्रधान अशोक गुर्जर, समाजसेवी संदीप मुद्गल, कंवरपाल करोड़ व विनोद निर्मल अति विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रधान विक्की शर्मा ने बताया कि 12 में रविवार को आयोजन के बाद धर्मशाला से भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकल जाएगी जो शहर का भ्रमण करेगी।

**सूचना**

मैं, रेखा देवी पत्नी श्री हरीश कुमार निवासी मकान नं. 929/23, कौशिक नगर, जीन्द, तहसील व जिला जीन्द बयान करती हूं कि मेरा नाम सभी दस्तावेज में रेखा देवी दर्ज है, अतः अब मुझे रेखा की जगह रेखा देवी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**न्यायालय राकेश सैनी, एच.सी.एस. सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, जीन्द**

सत्यवान पुत्र श्री रामकुमार सैनी निवासी हनुमान नगर, नजदीक सोमनाथ गउशाला, जीन्द

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से आम व खास को सूचित किया जाता है कि सत्यवान पुत्र श्री रामकुमार सैनी निवासी हनुमान नगर, जीन्द ने अपने स्वर्गीय पिता रामकुमार सैनी पुत्र श्री गंगराम सैनी जो कि मिति 24.07.2011 से लापता है, को इस बारे मैंनें एक डी.डी.आर. नं. 24 दिनांक 01.08.2011 थाना शहर, जीन्द में दर्ज करवाई है। मेरे पिता जी का आज तक कोई सुराग नहीं लगा है। मेरे पिता जी के नाम कुछ जायदाद है जो कि इस जायदाद का विरासत इंतकाल हम सभी वारसान के बराबर विरासत का इंतकाल दर्ज करवाने चाहते हैं। मेरे पिता जी के वारसान निम्नप्रकार से हैं। 1. सत्यवान 2. रघुवीर 3. विजय 4. अजय 5. मोहन लाल 6. नरेश 7. सतपाल पुत्रान रामकुमार हैं। अतः आपसे निवेदन है कि अखरजनामा करने का कष्ट करें और इस बारे मंजूरी दी जावे।

इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय रामकुमार सैनी पुत्र श्री गंगाराम सैनी की जायदाद में वर्णित वारसान / उत्तरधिकारियों के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वे स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को अपनी आपत्ति पेश कर सकते हैं। उक्त अवधि के बाद कोई भी दावा या क्लेम मान्य नहीं होगा तथा उपरोक्त दस्तावेजों व उसमें वर्णित तथ्यों के आधार पर वारसान के अखरजनामा को मंजूर करने की स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी।

यह नोटिस बाबत इश्तहार दिनांक 06.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, जीन्द

### सूर्यदेव ने उगली आग जन जीवन अस्त-व्यस्त

**राजौंद।** आए दिन बढ़ रही गर्मी के कारण जहां लोगों का जीना दुश्वार होकर रहा है। वही स्कूलों में जाने वाले छोटे बच्चों को भी भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादातर गरीब व मध्य वर्ग के बच्चे जो सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्हें इस तपती धूप के साथ पीने के पानी की भी भारी समस्या उठानी पड़ रही है। ज्यादातर बच्चे घर से ही हाथों में पानी की बोतलें लेकर स्कूल जाते हैं। जो पानी बच्चे घर से स्कूल लेकर जाते वह गर्म हो जाता है और बच्चों को इस पानी को पीकर ही गुजारा करना पड़ता है। विद्यार्थियों ने बताया कि वह बोतलों में पानी भरकर स्कूल जाते हैं लेकिन धूप अधिक होने के कारण पानी गर्म हो जाता है। स्कूल में पीने के पानी की व्यवस्था ठीक है।

## गुरनाज सिंह विर्क ने 45 किलो भार उठाकर सिल्वर मेडल जीता

# बॉक्सिंग में गुरु नानक पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

23वीं हरियाणा राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 3 मई से 5 मई तक खेल परिसर सेक्टर-12 फरीदाबाद में हुआ। हरियाणा राज्य के सभी जिलों से लगभग 600 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें गुरू नानक पब्लिक स्कूल फरल (कैथल) के पांच खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने मुक्केबाजी का शानदार प्रदर्शन किया। जिले का नाम रोशन करते हुए गुरनाज सिंह विर्क ने 45 किलो भार वर्ग में खेलते हुए सिल्वर मेड़ल प्राप्त किया व भव्य वर्मा ने 42 किलो भार वर्ग में विरोधी खिलाड़ी को हराकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया और 47 किलों भार वर्ग में अपने मुक्के का दम दिखाते हुए वंशदीप नें सिल्वर मेड़ल प्राप्त किया। लक्ष्य शर्मा ने 48 किलो और आकाश ने 36 किलो भार वर्ग में खेलकर कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियो द्वारा इन मेड़लो को हासिल करवानें में कोच जितेन्द्र सिहँ दूल की अहम भूमिका रही। खुशी के इस अवसर पर स्कूल के एमडी. सर विक्त्रम सिंह और चेयरमैन सतिन्द्र सिहं साहू और प्रिंसिपल मैडम रितु बंसल ने सभी खिलाड़ियों का और टीम कोच जितेन्द्र सिंह दूल का भव्य स्वागत किया। सभी खिलाडियों को मेड़ल पहनाकर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी छात्रों में और अध्यापकों में जोश देखने को मिला। स्कूल के एमडी सर विक्त्रम सिहँ और प्रिंसिपल मैडम रितु बंसल ने सभी विद्यार्थियों को खेलने के लिए प्रेरित किया और खिलाड़ियों को नशे से दूर रहकर अच्छा खिलाड़ी बनने के लिए बताया और डोपिंग के बारे में बताते हुए स्कूल के सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल का सारा स्टाफ उपस्थित रहा और सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए शुभ-कामनाएं देकर मनोबल बढ़ाया।



**पूंडरी।** खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए स्कूल सदस्य व स्टॉफ।

## खबर संक्षेप

### अलेवा और गंगाटेहड़ी में आज रहेगी बिजली बंद

**जींद।** 132 केवी अलेवा में वीरवार को सुबह 11 से 12 बजे तक मरम्मत का कार्य होगा। बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता जितेंद्र ढुल ने बताया कि इसके चलते गंगाटेहड़ी और अलेवा गांव में बिजली बाधित रहेगी।

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित अपराधी काबू

**कैथल।** अपराध व अपराधियों के खिलाफ एसपी उपासना के नेतृत्व में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए पी.ओ. स्टाफ के एएसआई रणदेव सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव थुआ जिला जींद निवासी विजेंद्र को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2023 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 16 मार्च 2023 को पीओ घोषित किया गया था। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### आज रणजीत चौटाला उचाना हलके में

**उचाना।** हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत चौटाला 9 मई को हलके के विभिन्न गांवों के दौरे करेंगे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप आर्य घोघड़िया ने बताया कि दुर्जनपुर गांव से दौरे की शुरूआत होगी। उदयपुर, नचार खेड़ा, काकड़ोद, मखंड, बुडायन, भौंगरा, खापड़, उचाना खुर्द, सेढ़ा माजरा, दरोली खेड़ा, खेड़ी मंसानिया, भगवानपुरा, सुरबरा, मंगलपुर, डोहाना खेड़ा, झील, घसो कलां, घसो खुर्द, सफा खेड़ी गांव में ग्रामीणों को संबोधित करेंगे।

### जयप्रकाश 10 को उचाना हलके में

**उचाना।** हिसार लोकसभा से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार जयप्रकाश 10 मई को हलके के दो दर्जन के करीब गांवों के दौरे करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य वीरेंद्र घोघड़िया ने बताया कि शाहपुर गांव से दौरे की शुरूआत होगी। जीवनपुर, नगूरां, बधाना, डाहोला, कुचराना खुर्द, कुचराना कलां, छात्तर, थुआ, मांडी कलां, संडील, पेगां, शामदो, चांदपुर, हसनपुर, गोइया, खांडा, अलेवा, बिघाना, दुड़ाना, बुल्ला खेड़ी में ग्रामीण सभाओं को संबोधित करेंगे।

---

### उपस्थिति अपलोड करने की जिम्मेदारी विद्यालय मुखिया को सौंपी गई

# पहली से 12वीं तक के छात्रों की हाजरी एमआईएसपोर्टल पर होगी अपलोड

उपस्थिति दर्ज होने से छात्रों को मिलती हैं केंद्र सरकार से सुविधाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की उपस्थिति एमआईएसप पोर्टल अपलोड की जाएगी। बताया जा रहा है कि कई जिलों में यह रिपोर्ट कम जा रही थी, जिसका असर छात्रों को केंद्र से मिलने वाली सुविधाओं पर पड़ रहा था। वहीं विद्यार्थियों की उपस्थिति को शैक्षणिक निगरानी प्रणाली पोर्टल पर अपलोड करने की जिम्मेदारी विद्यालय मुखिया को सौंपी गई है। इसके साथ-साथ एमआईएस पोर्टल पर शिक्षकों को भी अपनी हाजिरी लगानी होती है। पिछले माह विभाग द्वारा शिक्षकों द्वारा हाजिरी नहीं लगाने वाले स्कूलों की लिस्ट जारी की थी।

इसमें अलेवा ब्लॉक के पांच, जींद ब्लॉक में पांच, जुलाना ब्लॉक के 30, नरवाना ब्लॉक के 18, पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के 20, सफीदों ब्लॉक के 22 व उचाना ब्लॉक के 27 स्कूल शामिल थे। जिले में 724 राजकीय स्कूल हैं, जिसमें इस समय लगभग एक लाख विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अब निदेशालय ने नियमित डाटा अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। इसकी मॉनीटरिंग मुख्यालय की ओर से की जाएगी। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी निर्देशों में कहा है कि विद्यार्थियों को दिए जाने वाले मिड-डे मील का डाटा भी विद्यालयों से खंड और जिला स्तर तक ही सीमित था।

विद्यालय स्तर पर प्रबंधन समिति के सहयोग से विद्यालय मुखिया के जरिए इसका रिकॉर्ड रखा जा रहा था। एसएमसी के साथ स्कूल मुखिया के पास रिकॉर्ड रजिस्टर रखा जाता था। इससे मुख्यालय तक सही डाटा नहीं जा रहा था। निदेशालय की ओर से अब इसमें बदलाव किया गया है। शैक्षणिक निगरानी प्रणाली की नई व्यवस्था में बच्चों के मिड-डे मील संबंधित शत-प्रतिशत डाटा पोर्टल पर अपडेट किया जाना है। सभी लेखाधिकारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर, विद्यालय के मुखिया, मिड-डे मील इंचार्ज को निर्देश दिए गए हैं कि एमआईएस की रोजाना की शत.प्रतिशत रिपोर्ट अपलोड की जाए। इन निर्देशों का अनुपालन नहीं करने वाले विद्यालयों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई निदेशालय स्तर से अमल में लाई जाएगी। पोर्टल पर दिए गए डाटा के हिसाब से ही ग्रेडिंग तय होती है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि पोर्टल पर डाटा अपलोड करने को लेकर निर्देश दिए गए हैं। इनका पालन करवाया जाएगा।

सभी स्कूल मुखियाओं को इसको लेकर आदेश दिए जा रहे हैं। विद्यार्थियों की उपस्थिति अब एमआईएस पोर्टल पर शिक्षकों व विद्यालय मुखिया को अपलोड करनी होगी।



**जींद।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

---


**राजौंद।** खेतों में लगी आग का दृष्य। फोटो : हरिभूमि

## आग से हजारों की तूड़ी जली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के जींद रोड पर आग लगने से हजारों रुपये की तूडी जलकर राख हो गई। विजय व जसबीर फौजी व काका राणा ने बताया कि लोगों ने फोन पर उन्हें सूचना दी कि उनके खेतों में आग लगी हुई है। जैसे ही वह खेत पहुंचे तो वहां पर तूडी के दो कूप जल रहे थे। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग तथा ग्रामीणों को दी। सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा दमकल विभाग की दो गाड़ियां भी मौके पर पहुंची तथा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक आग से हजारों की तूड़ी जल चुकी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि आग पर काबू पाने में थोड़ी भी देरी होती तो यह भयानक रूप ले सकती थी। क्योंकि साथ में खड़े दो कूप एक कमरे में भी काफी नुकसान हो सकता था।


मंडी में उठान के बाद खाली नजर आने लग है फड़। फोटो : हरिभूमि

## खरीदी गई गेहूं का 82 प्रतिशत उठान हुआ

- उठान तेज होने से आढ़तियों व किसानों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना में हैफेड, वेयर हाऊस, डीएफएएसी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदी गई गेहूं का 82 प्रतिशत उठान हो चुका है। छात्तर सब यार्ड, धनखड़ी में उठान पूरा हो चुका है तो कई सेंटरों पर 90 प्रतिशत से अधिक उठान हो चुका है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने बताया कि उचाना मंडी में डीएफएससी ने 77 प्रतिशत उठान किया है। अब तक खरीदी गई 395084 क्विंटल गेहूं में से 305000 क्विंटल गेहूं का उठान किया है। हैफेड ने 75 प्रतिशत उठान किया है। खरीदी गई 250440 क्विंटल गेहूं में से 187500 क्विंटल का उठान किया है। सचिव ने बताया कि छात्तर में डीएफएससी ने 72076 क्विंटल गेहूं की खरीद की थी। खरीदी गई गेहूं का उठान हो चुका है। हैफेड ने 98 प्रतिशत उठान किया है। यहां पर खरीदी गई 58690 क्विंटल गेहूं में से 57700 क्विंटल का उठान हो चुका है। धनखड़ी परचेज सेंटर में डीएफएससी ने खरीदी गई 8875 क्विंटल गेहूं का उठान कर दिया है। वेयर हाऊस ने काब्रच्छा में खरीदी 54480 क्विंटल गेहूं में से 50500 क्विंटल का उठान किया है। यहां पर उठान 93 प्रतिशत हो चुका है। घोघड़िया में डीएफससी ने खरीदी गई 95712 क्विंटल में से 82473 क्विंटल का उठान किया है।

---


**जींद।** सफीदों विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली एवं अन्य।

## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत का चहुंमुखी विकास संभवः मोहनलाल बड़ौली

- सफीदों और सोनीपत विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा के सोनीपत लोकसभा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सम्पूर्ण विकास भाजपा सरकार में ही संभव है। पीएम मोदी भेदभाव रहित विकास के लिए वह कृतसंकल्पित हैं। पीएम ने पिछले 10 साल के कार्यकाल में भारत का चहुंमुखी विकास किया है। देश के 140 करोड़ लोगों का मान और सम्मान बढ़ाने के साथ ही पूरी दुनिया में भारत का डंका बजाने का काम किया है। मोहनलाल बड़ौली बुधवार को सोनीपत और सफीदों विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों को संबोधित कर रहे थे। अभियान के तहत वे सब्जी मंडी सफीदो, खरकहा, बहादुरपुर, सफीदों, बुढा खेड़ा, रजाना खुर्द, रजाना कला, जामनी, मांडी खुर्द, मोहम्मद खेड़ा, खरक गदियां, बनिया खेड़ा, तेली खेड़ा, आहलन, रिटौली, बेरी खेड़ा, जयपुर, सिंघाड़ा आदि गांवों में पहुंचें।

## हिंदू कन्या कॉलेज में विदाई समारोह

- मिस फाइनल नैना वर्मा, मिस टैलेंट आस्था और मिस पर्सनालिटी तानिया को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय प्रांगण में बीए, बीकॉम, बीएससी फाइनल ईयर की छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम डा. उपासना गर्ग के नेतृत्व में किया गया। इस समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने दीप प्र'जवलन के द्वारा किया गया। समारोह के दौरान छात्राओं ने प्राचार्या डा. पूनम मोर और वरिष्ठ प्राध्यापिकाओं डा. सुषमा हुड्डा, रेखा सैनी, डा. गीता गुप्ता, अंजलि का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे नृत्य गायन व कविता पाठ के द्वारा समां को बांधा। सभी छात्राओं ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति के द्वारा सभी का मन मोह लिया। बीएससी फाइनल ईयर की छात्राओं ने समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर छात्राओं ने प्राध्यापिकाओं के व्यक्तित्व को दर्शाने के लिए गीतों के माध्यम से अपनी भाव, अभिव्यक्ति देते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। उन्होंने महाविद्यालय में बिताए गए मधुर पलों की स्मृतियों को कोरियोग्राफी के माध्यम से व्यक्त किया। इस समारोह में छात्राओं ने रैंप वॉक जैसे विभिन्न गतिविधियों से भी कार्यक्रम को सुंदर व आकर्षक बनाया। कार्यक्रम के दौरान ब्यूटी प्रतियोगिता को भी किया गया। इस प्रतियोगिता में 13 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मिस फाइनल का खिताब नैना वर्मा, मिस टैलेंट का खिताब आस्था और मिस पर्सनालिटी का खिताब तानिया को मिला। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. गीता गुप्ता व डा. प्रियंका साहनी के द्वारा निभाई गई। डा. पूनम मोर ने पूरी निष्ठा के साथ पढ़ाई हेतु छात्राओं को प्रेरित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।


कार्यक्रम में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

---


**कैथल।** डीएसपी गुरविंदर सिंह मोबाइल लौटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## 18 व्यक्तियों के गुम हुए 2.88 लाख के मोबाइल पुलिस ने किए ट्रेस

- डीएसपी गुरविंदर सिंह द्वारा फोन मालिकों को लौटाए गए उनके गुमशुदा फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसपी उपासना के दिशा निर्देश पर चलाई जा रही एक स्पेशल मुहिम के तहत साइबर सैल कैथल पुलिस द्वारा 18 व्यक्तियों के गुमशुदा महंगे मोबाइल फोन ट्रेस आउट करके बरामद कर लिए गये। जिन्हें बुधवार की सुबह डीएसपी गुरविंदर सिंह द्वारा कार्यालय में उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिया गया। बरामद किए गए सभी 18 मोबाइल फोन करीब 2 लाख 88 हजार रुपए से ज्यादा मूल्य के आंके गए है। अपने गुम हो चुके मोबाइल फोन के मिलने की उम्मीद गंवा चुके उक्त लोगों की प्रसन्नता देखते ही बनती थी, जो कैथल पुलिस का धन्यवाद करते थक नहीं रहे थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना के आदेश की अनुपालना करते हुए साईबर सेल इंचार्ज एएसआई सतबीर सिंह की अगुवाई में साइबर सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन के मामलों की जांच के दौरान हरियाणा के विभिन्न अलग-अलग स्थानों से उन व्यक्तियों को ट्रेस किया गया।

### ढैंचा का बीच लेने के लिए किसानों की लगी लाइन

**उचाना।** शहर के 40 फूटा रोड पर स्थित सरकारी बीज बिक्री केंद्र की दुकान पर ढैचा का बीज लेने के लिए किसान लाइन में लगे नजर आए। किसानों की भीड़ देखते हुए पुलिस को बुलाया गया ताकि किसी तरह की अफरातफरी न हो। पुलिस की मौजूदगी में बीच बांटा गया। बिक्री केंद्र प्रभारी बलराज ने बताया कि 1200 बैग आए थे। 10 एकड़ तक का पंजीकरण करने पर 10 थैली दी जाती है। एक थैली 12 किलो की है जो 240 रुपये की है। आधार कार्ड होना जरूरी है। किसान भूपेंद्र, मंदीप, सुरेश ने कहा कि धान की रोपाई करने से एक महीने पहले ढैचा की बिजाई खेत में की जाती है। ये हरित खाद के रूप में काम करता है। इससे फसल की पैदावार बढ़ती है। जो अन्य खाद, कीटनाशक दवा होती है उससे अधिक फायदेमंद ये हरित खाद होती है।



**उचाना।** सरकारी बीज बिक्री केंद्र के बाहर लगी लाइन।

### क्रिकेट टूनार्मेंट में बठोई कलां गांव की टीम ने जीती ट्राफी


**गुहला-चीका।** टीम को ट्राफी देते हुए कल्ब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**गुहला-चीका।** शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स कल्ब शादीपुर द्वारा नशे पर अंकुश लगाने के लिए एक क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। कल्ब द्वारा आयोजित चौथे टूनार्मेंट मे टोटल 24 टीमों ने भाग लिया। मास्टर भूपिंदर सिंह ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा वर्ग को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिसमें उन्हें प्रशासन का संपूर्ण सहयोग मिला है। प्रथम आने वाली गांव बठोई कलां गांव की टीम को जीतने पर एक ट्राफी के साथ 41 हजार रुपए की नगद राशि दी गई, जबकि दूसरी पोजीशन पर रही फुमन वाल गांव की टीम को भी ट्राफी व नगद पुरस्कार से नवाजा गया। टूनार्मेंट के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए मास्टर भूपिंद्र सिंह ने बताया कि शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स क्लब शादीपुर द्वारा नशे पर अंकुश लगाने के मकसद से क्रिकेट ट्राफी का आयोजन किया गया ताकि युवा वर्ग नशे की अपेक्षा खेलों में अपने भविष्य को तलाश सके।


**जींद।** मनोहरपुर गांव में पॉलीहाउस का भ्रमण करते हुए प्रशिक्षणार्थी। फोटो : हरिभूमि

## हमेटी में डीएईएसआई डिप्लोमा कर रहे प्रशिक्षणर्थियों ने किया पॉलीहाउस व नेट हाउस का भ्रमण

- टपका व फव्वारा विधि से जल की बचत के साथ खरपतवार नियंत्रण भी हो जाता है : डा. सुभाष चंद्र

**जींद।** हमेटी में डीएईएसआई डिप्लोमा कर रहे खाद, बीज व कीटनाशक विक्रेताओं ने फैसिलिटेटर डॉण सुभाष चंद्र के नेतृत्व में मनोहरपुर गांव में प्रगतिशील किसान व सेवानिवृत जिला बागवानी अधिकारी डा. हवा सिंह के फार्म पर शैक्षणिक भ्रमण किया।

जहां पर प्रशिक्षणर्थियों ने सीखा कि कैसे किसान पॉलीहाउस व नेट हाउस में संरक्षित खेती कर बढ़िया पैदावार लेकर अधिक आमदनी प्राप्त कर सकता है। पॉलीहाउस में टमाटर व खीरा की फसल उगाई गई थी जिस पर भरपूर फल लगे हुए थे। डा. हवा सिंह ने बताया कि वे पोली हाउस में अगेती फसल तैयार कर लेते हैं जिससे मार्केट में अच्छे भाव मिल जाते हैं। वे एक एकड़ एरिया में दो से तीन लाख की आमदनी एक फसल से ले लेते हैं। फार्म पर प्रशिक्षणार्थियों ने सिंचाई की आधुनिक तकनीक टपका व फव्वारा विधि भी देखने को मिली। इस अवसर पर ट्रेनर डा. सुभाष चंद्र ने बताया कि टपका व फव्वारा विधि से जल की बचत तो होती ही है साथ में खरपतवार नियंत्रण भी हो जाता है। टपका विधि में सिंचाई के साथ उर्वरक देने से पोषक तत्व भी फसलों को सही मात्रा में सही स्थान पर उपलब्ध हो जाते हैं।

---

## मां के समान कोई छाया नहीं : साधना बख्शी

- डीएवी पब्लिक स्कूल पुंडरी के प्रांगण में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

डीएवी पब्लिक स्कूल पुंडरी के प्रांगण में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने की। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने भाषण, कविता, गीत और लघु नाटिका प्रस्तुत कर मातृ दिवस मनाया और अपने माता-पिता की सेवा करने का संदेश दिया। बच्चों के इस मंचन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि माता के समान कोई छाया नहीं, कोई आश्रय नहीं ,कोई सुरक्षा नहीं, माता के समान इस संसार में कोई जीवनदायनी नहीं, इसीलिए हमें अपने माता पिता का कहना मानना चाहिए और अच्छे संस्कार ग्रहण करके उनकी सेवा करनी चाहिए। भगवान जी ने भी धरती पर मां के गर्भ से जन्म लिया था इस लिए मां का दर्जा भगवान से भी उपर बताया गया है। अध्यापिका सोनम शर्मा ने भी मातृ दिवस के उपलक्ष में विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए और बच्चों को माता-पिता की सेवा करने का संदेश दिया। उन्होंने मंच का संचालन भी बखूबी किया।


**पूंडरी।** कार्यक्रम में भाग लेते डीएवी पब्लिक स्कूल पुंडरी के विद्यार्थी।

### भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील

# सफीदों समेत कई गांवों में निकाला फलैग मार्च

- लोगों से आह्वान किया कि वे शांतिपूर्वक मतदान करने के साथ-साथ प्रशासन व पुलिस का सहयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सफीदों प्रशासन, पुलिस व आईटीबीपी ने संयुक्त रूप से सफीदों नगर समेत कई गांवों में फलैग मार्च निकाला। फलैग मार्च की अगुवाई एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष फोगाट ने की। इस मौके पर उनके साथ डीएसपी आशीष कुमार, आईटीबीपी के कमांडर धर्मवीर सिंह, सिटी थाना प्रबंधक ईश्वर सिंह व थाना प्रबंधक सदर आत्मा राम मौजूद रहे। यह फलैग मार्च नगर के मिनी सचिवालय से शुरू होकर नगर के प्रमुख बाजारों से होकर निकला। उसके बाद यह फलैग मार्च पुरानी अनाज मंडी होते हुए गांव सिंहपुरा, बहादुरपुरा, खरकड़ा की तरफ कूच कर गया। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनीष फोगाट ने बताया कि भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा पुलिस व आईटीबीपी के साथ इलाके में फ्लैग मार्च निकाला गया है। इस मार्च में पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से भयमुक्त होकर मतदान करने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों के संबंध में पुलिस को सूचित करने कि अनुरोध किया गया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे शांतिपूर्वक मतदान करने के साथ-साथ प्रशासन व पुलिस का सहयोग करें। डीएसपी आशीष कुमार ने बताया कि शरारती तत्वों पर नजर बनी हुई है। क्षेत्र में नाकाबंदी करके व गस्त भी की जा रही है। यदि किसी भी असामाजिक तत्व ने चुनाव प्रभावित करने का किसी ने प्रयास किया तो उसकी खैर नहीं है। चुनाव के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं और फ्लैग मार्च का उद्देश्य सुरक्षा की भावना पैदा करना है।


फलैग मार्च निकालते हुए प्रशासन। फोटो : हरिभूमि